आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार,

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 'मन की बात' के 126वें एपिसोड में देश को करेंगे संबोधित
2- तमिलनाडु में रैली में हुई भगदड़: 38 की मौत, प्रधानमंत्री ने जताया शोक, घायल के शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना
3- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन में 355 करोड़ के विकास कार्यों और नए कलेक्टर कार्यालय का करेंगे भूमिपूजन
4- एशिया कप क्रिकेट फाइनल आज : भारत और पाकिस्तान रात 8 बजे दुबई में आमने-सामने

प्रधानमंत्री- आईआईटी इंदौर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल ओडिशा से वर्चुअल माध्यम से देश के 8 आईआईटी केंद्रों के विस्तार की आधारशिला रखी। इसमें इंदौर का आईआईटी केंद्र भी शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के आईआईटी केंद्र के विस्तार को प्रदेश के लिए बड़ी सौगात बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल प्रदेश के युवाओं को उच्चस्तरीय शिक्षा और अनुसंधान का अवसर देगा, बल्कि नवाचार और तकनीकी विकास के क्षेत्र में भी नई संभावनाओं का द्‌वार खोलेगा।

मुख्यमंत्री- शिवपुरी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल शिवपुरी में 185 करोड़ रुपये से अधिक लागत के पैंसठ विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस मौके पर उन्होंने महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली की भाईदूज से बहनों को पंद्रह सौ रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे।

नरवर में मुख्यमंत्री ने राजा नल और दमयंती की प्रतिमा का अनावरण भी किया।

मुख्यमंत्री- उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन में 355 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। इस अवसर पर नवीन कलेक्टर कार्यालय भवन का भी भूमिपूजन किया जाएगा।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 126वीं कड़ी होगी। इस कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट newsonair.gov.in और मोबाइल ऐप न्यूज़ऑनएयर पर किया जाएगा।

सेवा पर्व

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में आज बात करेंगे कि कैसे मोदी सरकार ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' पहल के माध्यम से विविधता में एकता की भावना को मजबूत किया है।

तमिलनाडु- भगदड़

तमिलनाडु से एक दुखद खबर है करूर में कल एक रैली के दौरान मची भगदड़ में मृतकों की संख्या बढ़कर 38 हो गई है। पचास से अधिक लोग अब भी विभिन्न अस्पतालों में इलाजरत हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और आईसीयू में भर्ती घायलों को 1-1 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस हादसे पर शोक प्रकट किया है और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

लता मंगेशकर सम्मान

राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान अलंकरण समारोह का मुख्य कार्यक्रम आज इंदौर में आयोजित किया जा रहा है। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य

अतिथि के रूप में शामिल होंगे और संगीत निर्देशक शंकर-एहसान-लॉय और गायक सोनू निगम को राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान से अलंकृत करेंगे। आज अलंकरण के बाद गायक अंकित तिवारी और उनका दल अपनी प्रस्तुति देंगे।

जीएसटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव की शुरूआत 22 सितंबर से हुई है। इससे समाज का हर वर्ग अब लाभान्वित हो रहा है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार से विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम हुई हैं और लोगों को राहत मिली हैं।

एशिया कप क्रिकेट

एशिया कप क्रिकेट का फाइनल आज भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जाएगा। यह मुकाबला रात आठ बजे से दुबई में शुरू होगा। एशिया कप क्रिकेट के 41 साल के इतिहास में पहली बार दोनों टीमें फाइनल में आमने-सामने होंगी। भारत अब तक आठ बार एशिया कप का खिताब जीत चुका है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- भोपाल के दुश्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में कल 'राजुरकर राज सम्मान' समारोह का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर विविध भारती, मुंबई के वरिष्ठ उद्घोषक मोहम्मद यूनुस खान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर ने की। विशेष अतिथि के रूप में आकाशवाणी भोपाल के कार्यक्रम प्रमुख राजेश भट्ट उपस्थित थे।
- भोपाल के पुराने शहर में कल रात श्रीराम बारात निकाली गई। जिसमें सांसद आलोक शर्मा, समेत हजारां श्रद्धालु शामिल हुए।
- सेवा पखवाड़ा के तहत आगरमालवा सामाजिक न्याय विभाग द्वारा कल बड़ा गणेश मंदिर परिसर मे 40 दिव्यागजनों को सहायक उपकरणों का वितरण किया।
- अशोकनगर की पंचायत ईसागढ के ग्राम बमूरिया में कल एक बगिया मां के नाम पौधारोपण स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया गया।
- मंदसौर में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत आज जिला चिकित्सालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

- सेवा पखवाड़ा के तहत सांदीपनि विद्यालय मॉडल गुना में कल जल एवं पेयजल के उपयोग और जागरूकता गतिविधिया आयोजित की गई।   और
- कटनी नगर निगम में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में कल चिकित्सकों ने स्वच्छता दूतों की जांच एवं निःशुल्क दवा वितरण किया गया।